sector banks as also the actual achievement of banks in West Bengal in regard to flow of credit to the key-areas during the year 1987 along with the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): The information is being collecte d and will be laid on the Table of the House to the extent possible.

मध्य प्रदेश में बेरोजगार व्यक्तियों को सहायता

3462. **श्री अर्जुन जोशी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में ऐसे नगरीय बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्होंने गत दो वर्षों के दौरान एस०ई० पी.यू.पी. योजना के अधीन उन्हें प्रदान की गई सहायता का उचित उपयोग किया है और क्या वे वस्तुतः अपने रोजगार में कार्यरत हैं ;

(ख) क्या योजना के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के लिये कोई प्रक्रिया अपनाई जायेगी ताकि इस योजना के अधीन लाभ सही व्यक्तियों को मिल सके और वे उन लाभों का उचित उपयोग कर सकें; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मन्त्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि गत दो वर्षों में मध्य प्रदेश में शहरी गरीबों के लिये स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत मंजूर किये गये ऋण और संवितरित की गई राशि का वितरण इस प्रकार है:—

(लाख रुपयों में)

वर्ष	मंजूर किये गये ऋण		संवितरित किये गये ऋण	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1986–87 . . .	23364	869.84	19630	690.56
1987–88 . . .	22915	999.91	16977	705.96

शहरी गरीबों के लिये स्वरोजगार योजना के हिताधिकारियों का चयन स्थानीय बैंकरों की गठित समिति द्वारा किया जाता है । यह समिति आवेदनों को संबंधित बैंक शाखाओं के पास भेजने से पहले उनकी जांच करती है । बैंक शाखायें इन आवेदनों का मूल्यांकन करती हैं और मंजूरी से पहले सर्वेक्षण करती हैं और ऋणकर्ता की पात्रता और परियोजना की अर्थक्षमता के संबंध में संतुष्ट होने के बाद ही स्वीकृति प्रदान करती हैं । बैंक शाखायें समुचित अनुवर्ती कार्रवाई और निगरानी द्वारा ऋण के अंतिम उपयोग को सुनिश्चित करती हैं ।

स्वतंत्रता सैनानियों को पेंशन राशि में वृद्धि

3463. **श्री अर्जुन जोशी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार स्वतंत्रता सेनानियों को दी जा रही पेंशन की राशि में कोई वृद्धि करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर कब तक निर्णय ले लिये जाने की संभावना है और उसमें किस हद तक वृद्धि किये जाने की संभावना है ?